“इटैलियन भाषा के ज्ञान का सर्टिफ़िकेशन। सामाजिक समावेश, रोजगार, नागरिकता की भाषा” योजना
शिक्षा वर्ष 2011/12

स्वास्थ्य और सामाजिक वैलफ़ेयर

पीपीटी प्रेज़न्टेशन का मजमून

स्लाइड 1

इटली में स्वास्थ्य

स्लाइड 2

हैल्थ केयर

हैल्थ केयर का अधिकार पाने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा में रजिस्टर होना आवश्यक है

कहां?
स्थानीय स्वास्थ्य कंपनी, आस्ल में

ध्यान रहे कि
संबंधित आस्ल की जानकारी निवास परमिट पर लिखी होती है

स्लाइड 3

आस्ल में रजिस्ट्री

आस्ल में रजिस्ट्री और हैल्थ कार्ड के लिए साथ लाएं:
- पहचान पत्र
- टैक्स कोड
- निवास परमिट
- निवास या घर के सैल्फ़-सर्टिफ़केशन

ध्यान रहे कि
आस्ल में अपना फ़ैमिली डॉक्टर और बच्चों के लिए बाल-विशेषज्ञ चुनना आवश्यक है

स्लाइड 4

हैल्थ कार्ड

हैल्थ कार्ड क्षेत्रीय है

ध्यान रहे कि

किसी अन्य क्षेत्र में शिफ़्ट होने के केस में रिहाइश के आस्ल को सूचित करें
अगर आस्ल के पास यह जानकारी है तो सभी हैल्थ सेवाओं (डॉक्टर, बाल-विशेषज्ञ, दवाइयां, हस्पताल आदि) का लाभ उठाया जा सकता है

स्लाइड 5

हैल्थ कार्ड द्वारा

नागरिक को अधिकार है:
- क्लिनिक में जांच का
- विशेषज्ञ द्वारा जांच का
- घर में जांच का
- अस्पताल में भर्ती होने का
- टीकों का
- ख़ून की जांच का
- ऐक्सरे, अल्ट्रा साउन्ड का
- दवाइयों का
- पुनर्वास का

ध्यान रहे कि
कुछ जांच और दवाइयों के लिए टिकट का भुगतान आवश्यक होता है

स्लाइड 6

बच्चों के स्वास्थ्य के लिए कुछ सुझाव

इन बीमारियों के लिए टीके अनिवार्य हैं:

- डिप्थीरिया
- टिटनैस
- पोलियो
- हिपैटाइटस बी वायरस

अन्य जानकारी के लिए
– फ़ैमिली डॉक्टर से पूछें
– आस्ल जाएं

स्लाइड 7

प्राथमिक चिकित्सा

गंभीर बीमारी या दुर्घटना के केस में:
- अस्पताल के प्राथमिक चिकित्सा के पास जाएं
- या एम्बुलेंस बुलाने के लिए 118 कॉल करें

ध्यान रहे कि
प्राथमिक चिकित्सा में इंतज़ार का समय स्थिति की गंभीरता पर निर्भर करता है

स्लाइड 8

प्राथमिक चिकित्सा में इंतज़ार

लाल कोड
स्वास्थ्य स्थिति बहुत गंभीर: डॉक्टरी जांच में प्राथमिकता

पीला कोड
स्वास्थ्य स्थिति गंभीर: डॉक्टरी जांच के लिए थोड़ा इंतज़ार

हरा कोड
स्वास्थ्य स्थिति कम गंभीर: लम्बा इंतज़ार और गंभीर केसों के बाद जांच

सफ़ेद कोड
स्वास्थ्य स्थिति गंभीर नहीं: बहुत लम्बा इंतज़ार और सभी केसों के बाद जांच। किन्हीं केसों में टिकट का भुगतान

स्लाइड 9

छोटी-छोटी बीमारियां

- सिर दर्द
- दांत का दर्द
- पेट दर्द
- पेट दर्द
- खांसी, ज़ुकाम …

छोटी बीमारियों के लिए
– कैमिस्ट के पास जाएं
– कैमिस्ट से सलाह लें
– दवाइयां ख़रीदें

ध्यान रहे कि
कैमिस्ट केवल सलाह दे सकता है क्योंकि बीमारियों का इलाज फ़ैमिली डॉक्टर करता है

स्लाइड 10

इटली में सामाजिक वैलफ़ेयर

स्लाइड 11

इन लोगों के लिए कई सामाजिक सेवाएं हैं...

- नाबालिग (बच्चे और 18 साल से कम किशोर)
- वृद्ध
- विकलांग
- ग़रीब
- ...

ध्यान रहे कि
सामाजिक सेवाएं शहरों के अनुसार अलग-अलग होती हैं

स्लाइड 12

सामाजिक सेवाओं के बारे में जानकारी

रिहाइश के शहर में सामाजिक सेवाओं के बारे में जानकारी के लिए
- कम्यून में पूछें

स्लाइड 13

सामाजिक वैलफ़ेयर के लिए दस्तावेज़...

विदेशी नागरिकों को इटैलियन नागरिकों के समान अधिकार मिलते हैं
लेकिन सामाजिक वैलफ़ेयर पाने के लिए

अक्सर उन्हें प्रस्तुत करने पड़ते हैं:
- निवास का सर्टिफ़िकेट
- लंबी अवधि के निवासियों के लिए यूरोपीय कम्यूनिटी परमिट

स्लाइड 14

ग़रीबी और सामाजिक वैलफ़ेयर

सीमित आय वाले बीमार व्यक्ति को सामाजिक वैलफ़ेयर से सहायता मिल सकती है
अगर:
- वह देख नहीं सकता (अंधा) या उसे सिविल विकलांगता है
- अकेली औरत है जो गर्भवती है या जिसके बच्चे छोटे हैं

ज़रूरतमंद परिवार भी सहायता प्राप्त कर सकते हैं
उदाहरण
- किराए के लिए
- बच्चों के स्कूल के भोजन के लिए
- ...

स्लाइड

शब्दावली

(सैर्वीत्सिओ सानितारिओ नात्सिओनाले) **राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा**: सभी नागरिकों के लिए हैल्थ केयर की सार्वजनिक सेवा
आस्ल: स्थानीय स्वास्थ्य कंपनी जो कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा का एक हिस्सा है
(वच्चीनो) **टीका**: कुछ रोगों से सुरक्षा के लिए इंजेक्शन